राज्य शहरी आजीविका मिशन, (एस0यू0एल0एम0)
(राज्य नगरीय विकास अभिकरण,– सूडा उ.प्र.)
7/23, सेक्टर–7, गोमती नगर विस्तार, निकट डायल 100, गोमती नगर, लखनऊ 226002
e-mail:nulmup@gmail.com website:www.sudaup.org

पत्रांक 4917/241/एनयूएलएम/तीन/2001/(SUSV)-CSVP दिनांक 05-11-2019

सेवा में,

सिटी प्रोजेक्ट ऑफिसर/परियोजना निदेशक,
शहर मिशन प्रबन्धन इकाई/जिला नगरीय विकास अभिकरण,
शहर–लखनऊ, कानपुर, आगरा, वाराणसी, प्रयागराज, मेरठ, गाजियाबाद, मुरादाबाद, गोरखपुर, अलीगढ़, फिरोजाबाद, झांसी, सहारनपुर, बरेली, अयोध्या, मथुरा–वृन्दावन, मुज्जफरनगर, मऊ, लोनी (गाजियाबाद), बुलन्दशहर, हापुड़, उन्नाव, मिर्जापुर, हरदोई, फतेहपुर, उरई, अमरोहा, शाहजहाँपुर, जौनपुर, सम्भल, मैनपुरी, हाथरस, रामपुर, शामली, चन्दौसी (सम्भल), बड़ौत (बागपत), खर्जा (बुलन्दशहर), मोदीनगर (गाजियाबाद), शिकोहाबाद (फिरोजाबाद), एटा, कासगंज, पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर (चन्दौली), गाजीपुर, आजमगढ़, बलिया, बस्ती, बहराइच, गोण्डा, अकबरपुर (अम्बेडकर नगर), सुल्तानपुर, देवरिया, बदायूँ, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, रायबरेली, सीतापुर, इटावा, फर्रुखाबाद, बांदा एवं ललितपुर।

विषयः DAY-NULM के घटक SUSV के अन्तर्गत सर्वेक्षित पथ विक्रेताओं की सूची प्रदर्शित किये जाने के संबंध में।

महोदया/महोदय,

दीनदयाल अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM) के घटक शहरी पथ विक्रेताओं हेतु सहायता (SUSV) के अन्तर्गत आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिनांक 13.09.2019 को आयोजित विडियो कान्फ्रेसिंग के कार्यवृत्त दिनांक 26.09.2019 एवं पत्रांक–9053617 दिनांक 15.10.2019 द्वारा यह अपेक्षा की गयी है कि सर्वेक्षित पथ विक्रेताओं का डाटा बेस संबंधित नगर निकाय/डूडा द्वारा अनुरक्षित रखा जाये और लोक प्रकटीकरण (Public Disclosure) एवं जॉच हेतु कुल सर्वेक्षित पथ विक्रेताओं, विक्रय प्रमाण पत्र एवं पहचान पत्र उपलब्ध कराये गये पथ विक्रेताओं की सूची को प्रतिष्ठित महत्वपूर्ण स्थल (Prominent Place) जैसे नगर निकाय की वेबसाइट, यदि नगर निकाय की वेबसाइट नहीं है तो संबंधित जनपद के वेबसाइट पर अपलोड कराई जाये। उक्त वेबसाइट पंर पथ विक्रेताओं की सूची उपलब्ध होने के संबंध में जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी, नगर निकाय एवं डूडा के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाये।

जारी
5-11-2019

अतः उक्त सभी नगर निकाय के अधिकारियों से अपेक्षित है कि भारत सरकार के निर्देशानुसार उपरोक्त के संबंध में समस्त कार्यवाही प्रत्येक दशा में 15.11.2019 तक पूर्ण कर ली जाये।

भवदीय

5/11/2019

o/c (उमेश प्रताप सिंह)
मिशन निदेशक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. संयुक्त सचिव, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार नई दिल्ली।
2. संबंधित जनपदों के जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0।
3. निदेशक, स्थानीय निकाय निदेशालय को इस आशय से प्रेषित कि उक्त नगर निकायों के नगर आयुक्तों/अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित करने का कष्ट करें कि उपरोक्तानुसार समयबद्ध रुप से कार्यवाही सुनिश्चित करें।
4. संबंधित जनपदों के परियोजना अधिकारी, जिला नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0 को इस निर्देश के साथ कि निर्धारित तिथि तक समस्त कार्यवाही सुनिश्चित करें।
5. वेब मास्टर, सूडा, को सूडा की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

5/11/2019

o/c (उमेश प्रताप सिंह)
मिशन निदेशक